**नईदुनिया**

Chhatarpur News: नाैगांव में फलफूल रहा नकली गुटखा का बाजार, पुलिस ने फिर पकड़ा बड़ा अवैध कारोबार

**Chhatarpur News: नौगांव. नईदुनिया न्यूज।** छतरपुर जिले के नौगांव में नकली गुटखा कारोबार जमकर चलता रहा है। जहां नौगांव थानाक्षेत्र में भी बीते समय में नकली गुटखा पकड़ा जा चुका है। लेकिन कार्रवाई के बाद भी यह अवैध कारोबार थमता नही है। कलेक्टर संदीप जीआर और तत्कालीन एसपी अमित सांघी ने नौगांव में पहुंचकर नकली गुटखा कारोबार पकड़ा था। जहां से बड़ी मात्रा में माला बरामद हुआ। इसके बाद फिर नौगांव पुलिस ने कार्रवाई की है।

आर्मी कालेज रोड़ आरा मशीन के सामने राहुल यादव के द्वारा राकेश गुप्ता का तम्बाकू मिश्रित गुटखा बनाया जा रहा था। जिस पर छापामार कार्रवाई की गई। नौगांव थाना प्रभारी सहित खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई कर माल जब्त किया है।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/chhatarpur-fake-gutkha-market-is-booming-in-naigaon-police-again-caught-big-illegal-business-8300160